Title: Re: Condition of old Bridges over Ganga, Panganga and Koli River and demand for construction of new Bridges and export of potato for wellbeing of potato farmers.

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद): महोदय, आपने शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं ।

महोदय, मैं सबसे पहले भारत सरकार के माननीय राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री एवं परिवहन मंत्री परम अदरणीय नितिन गडकरी जी का आभार व्यक्त करता हूं, साथ ही देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं । उन्होंने हमारे यहां फर्रूखाबाद के बेवर से लेकर पीलीभीत तक 730सी राष्ट्रीय राजमार्ग स्वीकृत किया और स्वीकृत ही नहीं, उसका टेंडर करके काम भी शुरू हो गया है ।

महोदय, मैं इस पर चाहता हूं कि इस पर तीन जर्जर पुल बने हुए हैं । एक गंगा नदी पर जर्जर पुल बना हुआ है । रामगंगा नदी और काली नदी पर पुल बने हुए हैं । इन तीन नदियों पर जो पुल बने हुए हैं, वे बहुत जर्जर और छोटे हैं । यहां राजमार्ग बन रहा है, इसलिए यहां नए पुल की आवश्यकता है । दूसरा, आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी से एक छोटा सा और अनुरोध है । फर्रूखाबाद जनपद और उत्तर प्रदेश में देश का सबसे ज्यादा आलू का उत्पादन होता है । आलू के किसान इस समय सबसे ज्यादा परेशान हैं, क्योंकि तीन सौ रुपये क्विंटल और 150 रुपये कट्टी आलू बिक रहा है । इसलिए उत्तर प्रदेश के आलू उत्पादक किसान बहुत परेशान हैं । मैं कृषि मंत्री जी से आपके माध्यम से अनुरोध करता हूं कि आलू के किसानों का उद्धार करने के लिए आलू का कहीं निर्यात कराने का कष्ट करें ।

माननीय सभापति : अब आपने दो अलग-अलग मंत्रालयों से संबंधित मांग रख दी है । आपको थोड़ा ध्यान रखना चाहिए । जीरो ऑवर कहां जाएगा?

श्री मुकेश राजपूत : सर, आगे से ध्यान रखेंगे ।